# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट- कोतवाली कायमगंज

## दिनांक :- 03.10.2025

## कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-204/2025 धारा-85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के क्रम मे कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 204/25 मु0अ0सं0 204/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध में चल रहे वांछित अभियुक्तगण 1.राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र पुत्र कन्हैयालाल मिश्रा 2. सुचेता मिश्रा पत्नी राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



### गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम व पताः-

1.राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र पुत्र कन्हैयालाल मिश्रा नि0 मोहल्ला पहलवान गली मो0 बगिया मंगूलाल थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ।

2.सुचेता मिश्रा पत्नी राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र नि0 मोहल्ला पहलवान गली मो0 बगिया मंगूलाल थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

**घटना का विवरण:-** आवेदक श्री वेदप्रकाश मिश्रा पुत्र स्व0 रामभरोसे लाल मिश्रा नि0 ग्राम दरियावगंज थाना पटियाली जनपद कासगंज द्वारा दिनांक 03.09.25 को थाना स्थानीय पर सूचना दी गयी कि अभियुक्तगणों द्वारा वादी की पुत्री की अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करने तथा दहेज के लालच में हत्या कर दी है जिस पर तत्काल थाना कायमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-204/2025 धारा -85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि0 बनाम विठठल मिश्रा पुत्र राजू मिश्रा आदि पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्तगण 1.राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र पुत्र कन्हैयालाल मिश्रा 2. सुचेता मिश्रा पत्नी राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण** अभियुक्तगण नें अपने बयान अपने वकील के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष देना बताया।

**अभियुक्त राजू मिश्रा उर्फ भरत मित्र उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0स0 204/2025 धारा 115(2)/85/80(2) बीएनएस व 3/4 द0प्र0 अधि0 थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

**अभियुक्ता सुचेता मिश्रा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0स0 204/2025 धारा 115(2)/85/80(2) बीएनएस व 3/4 द0प्र0 अधि0 थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 नागेन्द्र सिंह
2. का0 विजय गुर्जर
3. का0 सचिन कुमार
4. म0का0 भारती

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# फतेहगढ़ पुलिस

**Meticulous Investigation & Prosecution**

**#OperationConviction**

**कोतवाली फर्रुखाबाद**

**दि0-03.10.2025**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन अभियुक्तगणों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अभियुक्त राहुल पुत्र सुरेश कंजड निवासी नेकपुर चौरासी थाना कोत0 फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ मु0अ0स0 2919/2011 वाद संख्या 45/2012 धारा 21/22 NDPS एक्ट थाना कोत0 फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्तगण के विरूद्ध मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार /कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए ***दिनांक 03.10.2025 को मा0 न्यायालय एडीजे 07/ NDPS कोर्ट फर्रूखाबाद द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध कर 04 माह का कठोर कारावास व 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।***



एडीजीसी श्री शीलरत्न



एडीजीसी श्री दिनेश चौहान



को0 मो0 म0हे0का0 काजल



पैरोकार का0 धर्मेन्द्र

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

कम्पू मेल

## स्कूल में छात्राओं को हेल्प लाइन नंबर मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**कंपूमेल ब्यूरो**

शमशाबाद फर्रुखाबाद। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लगातार मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं का छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर के तहत जागरूक किया और जनपद फर्रुखाबाद के शमशाबाद थाना अध्यक्ष रमेश सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं और छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया और हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090, 1076 की जानकारी दी। वही विद्यालयों में पढ़ रही छात्राओं को भी जानकारी देते हुए कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो इन नंबरों पर तत्काल संपर्क करे।आप लोगों को तत्काल प्रभाव से सहायता प्रदान कराई जाएगी और अपराधी व अपराध पर लगाम लगाने का काम किया जाएगा।

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

# गुड टच और बैड टच के बारे में बताया

**शमसाबाद।** गांव रजलामई स्थित एक इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा के साथ ही आत्मरक्षा के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला हेल्पलाइन) और 181 (महिला आपातकालीन सेवा) के बारे में भी बताया। छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को हेल्पलाइन कार्ड वितरित किए गए। छात्राओं को बताया कि हेल्पलाइन नंबर पर किसी भी समस्या के लिए कॉल किया जा सकता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उप निरीक्षक मिथलेश कुमार, महिला बीट कांस्टेबल वैशाली, कांस्टेबल तरुण कुमार, सोहित कसाना व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। (संवाद)

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

दैनिक जागरण

# छात्राओं को दी जानकारी, बांटे पंपलेट

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत कॉलेज में पहुंचे पुलिसकर्मी
- घरेलू हिंसा हो तो तत्काल शिकायत करें

**संवाद सूत्र, जागरण • शमसाबाद :** मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस ने कालेज पहुंचकर छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। इसके बाद उन्हें पंपलेट वितरित किए।

दारोगा मिथिलेश कुमार शुक्रवार को महिला सिपाही वैशाली के साथ गांव रजलामई स्थित डीएवी इंटर कालेज पहुंचे। वहां उन्होंने छात्राओं को जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को बताया कि अपने अधिकारों का हनन न होने दें। कोई भी घरेलू हिंसा हो तो तत्काल शिकायत करें। स्कूल आते जाते समय या बाजार जाते समय कोई भी अराजकतत्व परेशान करता है, तो उसे छुपाएं नहीं बल्कि पुलिस को जानकारी दें। जिससे कार्रवाई होगी। सभी छात्राओं को पंपलेट बांटे।

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**अमर उजाला**

# जुमे की नमाज में ड्रोन से रखी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**फर्रुखाबाद।** जुमे की नमाज पर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के पुख्ता प्रबंध रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी ने लालगेट से बीबीगंज चौकी तक पैदल मार्च निकाला।

संवेदनशील इलाकों पर ड्रोन से निगरानी रखी। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी, एसपी आरती सिंह की अगुवाई में भारी पुलिस बल ने लालगेट से पैदल मार्च शुरू किया।

अधिकारी घुमना, चौक, पक्कापुल, तिकोना, तहसील तिराहा होकर बीबीगंज चौकी पहुंचे। वहां करीब एक घंटे तक रुके रहे। सभी मस्जिदों में नमाज अदा होने के बाद अधिकारी रवाना हुए। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय आदि अधिकारी मौजूद रहे।



शहर के लालगेट पर मार्च करते डीएम व एसपी। संवाद

## पुलिस बल ने गश्त की

**कमालगंज।** सीओ संजय वर्मा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर राजीव कुमार, दरोगा संदीप कुमार पुलिस बल के साथ शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे गौसपुर गांव पहुंचे। यहां पुलिस ने रूट मार्च कर लोगों को जागरूक किया। नसरतपुर गांव पहुंच पुलिस बल के साथ गश्त किया। सीओ ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। (संवाद)

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

हिन्दुस्तान

# मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस का रूट मार्च

**चौकसी**

**फर्रुखाबाद, संवाददाता।** जुमे की नमाज को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों पर खासा जोर रहा।

शुक्रवार की दोपहर में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले। शहर कोतवाली और मऊदरवाजा क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ रूट मार्च किया और व्यवस्थाओं को देखा।

आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिया गया। लोगों से बातचीत भी की गयी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.संजय कुमार ने पुलिस टीम को साथ में लेकर शमसाबाद क्षेत्र में रूट मार्च किया और व्यवस्थाओं को परखा।



सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए निकली पुलिस-प्रशासन के अफसर।

जहानगंज थाना क्षेत्र में सीओ अजय वर्मा ने थानाध्यक्ष राजेश राय को साथ में लेकर जरारी क्षेत्र में रूट मार्च किया। लोगों से बातचीत की। कहा कि किसी के सामने कोई दिक्कत हो तो बतायें। शाम को अपर पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र में रूट मार्च किया। जुमे की नमाज दोपहर में शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुयी। नमाज बाद नमाजी अपने घरों के लिए चले गए। सब ओर शांति रही।

मीडिया सेल फतेहगढ़

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय स्कूल में महिला सशक्तिकरण टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम के दौरान टीम के सदस्यों ने उपस्थित बालिकाओं को आत्म-सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी, साथ ही उन्हें महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनी अधिकारों, आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।




## कोतवाली फर्रुखाबाद

@fatehgarhpolice



FATEHGARH POLICE



मंडलायुक्त कानपुर व उपमहानिरीक्षक कानपुर द्वारा थाना मेरापुर क्षेत्रान्तर्गत आगामी बुद्ध महोत्सव संकिसा की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत बौद्ध स्थल का निरीक्षण किया एवं आयोजको से वार्ता कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़ भी मौजूद रहे।





# मिशन शक्ति 5.0 अमृतपुर



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

1090 Women Power Line

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र

1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108

मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति 5.0 कमालगंज



1090

Women Power Line

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र

1090 108 181 102 1076 1098 112

मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति 5.0 कम्पिल



1090

Women Power Line

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र

1090 · 181 · 1076 · 112 · 1098 · 102 · 108

## मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति 5.0 कादरीगेट

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं



1090
Women Power Line

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र
1090
181
1076
112
1098
102
108

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति 5.0 जहानगंज










उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# मिशन शक्ति 5.0 महिला थाना



1090 Women Power Line

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र

1090
181
1076
112
1098
102
108

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

# मिशन शक्ति 5.0 यातायात पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं






1090

Women Power Line



मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन